**खबर संक्षेप**

### 9 मार्च को वैचारिक सम्मेलन का आयोजन

**सौंसर।** आगामी 9 मार्च रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन मुक्ता सालवे महिला मंडल सौसर साहित्यसम्राट अण्णाभाऊ साठे समिती सौसर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।आयोजक मंडल से मिली जानकारी के अनुसार 9 अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की स्वतंत्रता महिला मुक्ती दीन सावित्रीबाई फुले, मुक्ता सालवे, राजमाता जिजाऊ माता रमाई, भिमाई, मदर टेरेसा, कल्पना चावला, श्रीमती इंदीरा गांधी आदि देश में सभी संघर्षशिल महानाईकाओं की याद में उनके सयुक्त जयंती पर महिलाओं का वैचारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। रविवार, 9 मार्च संपन्न होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इन्द्रचन्द डागा करेगी।मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिभा चौरे,श्रीमती दर्पणा मोहोड,श्रीमती गुंजन राठी,नपा सभापति मृणाली झाडे,निलिमा पाटील,नंदा भांगे,डॉ. श्वेता गजभिये,डॉ. प्रतिमा गजभिये,डॉ. श्रद्धा गायकवाड मौजूद रहे।

## प्रभारी कार्यपालन यंत्री द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का हो रहा प्रयास

# सीईओ जिपं को आवेदन, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही पुल की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





तामिया आरईएस उप संभाग का कार्यालय जो कागजों में संचालित होता चला आ रहा है। यहां पर पूरे अमले की पदस्थापना होने के बाद भी कोई इस कार्यालय में बैठने को राजी नहीं है क्योंकि वर्तमान में प्रभारी कार्यपालन यंत्री यहां पर पदस्थ रह चुके हैं। उनकी पदस्थापना के समय यहां पर फर्जी एस्टीमेट पंचायतो के प्रस्ताव के माध्यम से तालाब पुल पुलियो के निर्माण कार्य के नाम पर व्यापक पैमाने पर खुला भ्रष्टाचार किया गया और चहेते सप्लायरों के नाम पर निर्माण सामग्री के भुगतान कर जमकर अवैध कमाई की गई। यहां पर हुए भ्रष्टाचार में सर्वाधिक सुर्खियां बटोरी हैं। डोव ग्राम पंचायत के ग्राम के सेमर ढाना की नदी पर बने पुल ने जिसमें तामिया जनपद में पदस्थ उपयंत्री को इस पुल निर्माण की तकनीकी जिम्मेदारी दी गई क्योंकि वो भ्रष्टाचार के फन में माहिर है और उन्होंने इस इस पुल निर्माण में तकनीकी मापदंड को दरकिनार कर पुल मैं जमकर धांधली की और निर्माण के नाम पर जिस तरीके से तकनीक खामियां देखने मिल. रहीं है, वह शायद ही इसी निर्माण कार्य में देखने मिले। हरिभूमि लगातार निर्माण की शुरुआत के समय से ही समाचार प्रकाशित कर जिला प्रशासन को अवगत कराता रहा है, लेकिन आर ई एस के उपयंत्री सहायक यंत्री कार्यपालन यंत्री के खिलाफ जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि कभी मुखर नहीं हुए और इसी का फायदा उठाकर इन्होंने इस पुल में जमकर शासकीय धन की लूटपाट की जिसकी वानगी फाउंडेशन के बाहर बनने वाली विग वाल की कंक्रीट सतह पर रख दी। इसी तरह कंक्रीट में बौल्डर भरे साफ देखे जा सकते हैं। इसी तरह सेंटरिंग के नाम पर मिट्टी भरकर पुल का स्लेप ढाला गया और सप्लायर के नाम पर सेंटरिंग का भुगतान फर्जी तरीके से किया गया। लोहा भी एस्टीमेट के विपरीत लगाकर कंक्रीट की गई इस तरह इस पुल, निर्माण के हर पहलू में उप यंत्री सहायक यंत्री प्रभारी कार्यपालन यंत्री के संरक्षण में पुल में लाखों का फर्जी बाड़ा किया जिसकी शिकायत भी जिला पंचायत सीईओ को लिखित 10 बिंदु बार जांच की मांग की गई। लेकिन जिला पंचायत कार्यालय से जांच के नाम पर लीपापोती ही हुई और जांच ठंडे बस्ते में जांच अधिकारी ने रख दी इसके बाद इसी आवेदन के संबंध में जांच के लिए सीएम हेल्पलाइन का दो बार निराकरण संबंधी सहारा लिया गया! लेकिन कार्यपालन यंत्री शिकायतकर्ता को ही झूठा ठहराते हुए शिकायत को विलोपित करने हेतु दूसरे दिन ही जांच दर्शा दी इसके बाद 16 फरवरी को दोबारा शिकायत की गई तो जांच करने के बजाय शिकायतकर्ता को ही फिर झूठा साबित करने हेतु निराकरण की पहल कर डाली इस तरह प्रभारी कार्यपालन यंत्री जिनके एसडीओ रहते हुए इतना भ्रष्टाचार किया गया उस पर पर्दा डालने में ज्यादा विश्वास रख रहे हैं!बजाय जांच करवाने के यदि इस पुल निर्माण की गई शिकायत की बिंदु बार जांच यदि होती है तो इसमें प्रभारी कार्यपालन यंत्रि दोहरे भ्रष्टाचार मैं शामिल पाए जाएंगे।

इस पुल में की गई धांधली की संबंधित तकनीकी अधिकारियों सरकारी राशि फर्जी मूल्यांकन के नाम से किए गए भुगतान और निर्माण सामग्री के फर्जी बिलों के मामले में शामिल पाए जाएंगे केवल देरी है तो माप पुस्तिका में फर्जी मूल्यांकन किए जाने की जांच की।

# पुलिस ने पकड़ी मवेशियों से भरी पिकअप

## 13 भैसों को भरकर ले जा रहे थे आरोपी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सिंगोड़ी चौकी पुलिस ने देर रात मवेशियों से भरे 2 पिकअप वाहन पकड़े हैं। दोनों वाहनों में आरोपियों द्वारा क्रूरतापूर्वक भरकर मवेशियों को ले जाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने 13 भैसों सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल पकड़ाए तश्कर 13 मवेशियों को भुमका घाटी के जंगल में मवेशी चरा रहे लोगों से खरीदकर नागपुर के कत्लखाने ले जा रहे थे।

जानकारी में सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि शनिवार देर रात मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति अमरवाडा से नागपुर तरफ वाहनों में भैंसों को अवैध परिवहन कर काटने के लिये नागपुर लेकर जा रहे हैं। सूचना पर रेड कार्यवाही कर पिकअप वाहन क्रं. MP-28-G-4185 से कुल 08 नग भैंस एवं छोटा हाथी क्र MP 28 G 5030 में परिवहन किये जा रहे कुल 05 नग कुल 13 भैंसों को मुक्त कराया गया।

चौकी सिंगोडी थाना अमरवाडा में आरोपियों के विरुद्ध धारा 11 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि., 11 (घ) पशु क्रुरता निवारण अधि, (2) धारा 11 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि., 11 (घ) पशु क्रुरता निवारण अधि, (3) 5 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।इस कार्यवाही में पुलिस ने सुशील पिता राजाराम डेहरिया उम्र 32 साल निवासी ग्राम चिमौआ चौकी सिंगोड़ी, अजय पिता लेखराम सल्लाम उम्र 26 वर्ष निवासी परतला थाना देहात छिंदवाडा एवं अलीम कुरैशी पिता शौकत कुरैशी उम्र 44 वर्ष निवासी आनंदनगर सोनपुर रोड बैल बाजार को गिरफ्तार किया है।

### श्री सांईबाबा के मंगल स्नान से शुरू हुआ वार्षिक महोत्सव

**सौंसर।** श्री साई सतगुरु समिति सौसर की ओर से वार्षिक महोत्सव स्थापना दिवस का आयोजन नगर के गावंडे कॉलोनी स्थित श्री साई मंदिर में किया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 15 में बने साई मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ रविवार को सुबह साइन बाबा के मंगल स्नान किया गया। इस दौरान भक्तों के द्वारा साइन बाबा की आरती एवं श्री गुरु चरित्र पारायण का शुभारंभ किया गया।

मंदिर कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 3 मार्च को रुद्राभिषेक श्री उपासनी गोदावरी स्वाध्याय कन्या संस्कार केंद्र सौसर द्वारा किया जाएगा दोपहर 12:00 बजे प्राइम समाप्ति के पश्चात आरती एवं नगर में भव्य साईं पालकी निकाली जाएगी। मंगलवार 4 मार्च को बाबा श्री साइन का मंगल स्नान के बाद में हवन एवं पूजन आरती पश्चात शाम 4 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# छिंदवाड़ा टाइगर्स ने जीता केमिस्ट प्रीमियम लीग

## पंजाब किंग्स को हराया, अंतिम दिन खेले गए 2 सेमीफाइनल और फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिला औषधि विक्रेता संघ के तत्वाधान में इनर ग्राउंड पर केमिस्ट प्रीमियम लीग के अंतिम दिन 2 सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। फाइनल मुकाबले में छिंदवाड़ा टाइगर्स ने धमाकेदार जीत दर्ज की और फाइनल खिताब अपने नाम किया।

जिला औषधि विक्रेता संघ के जिला मीडिया प्रभारी शक्ति दुबे ने बताया कि रविवार को केमिस्ट लीग के आखरी दिन तीन मैच खेले गए। सेमीफाइनल का पहला मैच छिंदवाड़ा टाइगर बनाम छिंदवाड़ा लायंस के बीच खेला गया। जहां छिंदवाड़ा टाइगर्स ने आसान जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला पंजाब किंग्स और नवेगांव इलेवन के मध्य खेला गया। पंजाब किंग्स ने नवेगांव इलेवन को हराकर फाइनल में जगह बनाई। छिंदवाड़ा टाइगर्स और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। छिंदवाड़ा टाइगर्स निर्धारित ओवरों 10 ओवरों में 139 रन बनाए थे, लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स 118 रन ही बना पाई। इस प्रकार छिंदवाड़ा टाइगर्स ने फाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम को 11 हजार नगद एवं उपविजेता टीम को पांच हजार नगद राशि दी गई।केमिस्ट लीग के फाइनल मुकाबले में पहुँचे सासंद विवेक बंटी साहू...कैमिस्ट लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जिले के सासंद विवेक बंटी साहू ने शिरकत की, इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की, साथ ही फाइनल खिताब जीती छिंदवाड़ा टाइगर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान जिला औषधि विक्रेता संघ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष संतोष चौरे, सचिव अजय मालवीय कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार लांबा, सुश्री अर्पणा तेलंग, अमित राय एवं जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारीउपस्थित थे।

### भाजपा सांसद की बदजुबानी के खिलाफ कांग्रेस करेगी उग्र प्रदर्शन- ओकटे

**छिन्दवाड़ा।** भाजपा सांसद की बदजुबानी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भाजपा के संरक्षण में ही अपराध, माफियाराज व गुंडाराज फलफूल रहा है। भाषा की मर्यादा को लांघते हुए जिन शब्दों का प्रयोग उन्होंने मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री, छिन्दवाड़ा के विकास पुरूष कमलनाथ के लिए किए, उससे यह भी साफ हो गया कि शांतिप्रिय जिले की फिजा में अपराध घोलने का काम भाजपा कर रही है। कमलनाथ के द्वारा जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए तो सांसद मिट्टी से निकाले गए भूकृमि की तरह तिलमिला उठे, इसका अर्थ यही हुआ कि वे जिले में वर्दीधारी भाजपा कार्यकर्ता चाहते हैं, जो नियम, कानून व कायदों को तोड़कर मरोड़कर सिर्फ और सिर्फ भाजपा के इशारों पर काम करें। उक्त उदगार आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

## सांसद ने परासिया क्षेत्र में विकास कार्यों की दी सौगात

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए अपनी सांसद निधि से 12 लाख 50 हजार की स्वीकृति दे दी है। अब जल्द ही यहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ किये जायेंगे। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को हर मूलभुत सुविधा उपलब्ध हो। इसी मंशा के अनुसार छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में सांसद निधि के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के सहयोग से अन्य निधियों से भी विकास कार्य किये जा रहे है। सांसद श्री साहू ने कहा कि छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी। केन्द्र एवं राज्य सरकार की निगाहें छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के विकास पर प्रमुख रूप से लगी हुई है। इसी का परिणाम है कि छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए सबसे अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किये गये है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक आयोजनों के लिए बड़ी संख्या में सामुदायिक भवनों की भी स्वीकृति मिली है। भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी पाल, सरपंच शीशकुमारी मर्सकोले, जनपद सदस्य कुबेर सिंह सूर्यवंशी, भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया की अनुशंसा पर सांसद श्री साहू की सांसद निधि से ग्राम हरनभटा में लोहांगी टेकड़ी में देवस्थान तक जाने के लिए 300 मीटर सी.सी. रोड निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति दी गई है। वहीं ग्राम पंचायत तुमड़ी के ग्राम भोकई में आदिवासी मोहल्ले में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख रूपये एवं जनपद पंचायत परासिया के ग्राम मानकादेहीखुर्द में व्यायाम शाला एवं जिम के लिए 1.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। विकास कार्यो के लिए राशि स्वीकृत करने पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

# विद्यार्थियों को दी लोक अदालत की जानकारी

## सीआईआई के छात्रों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भूपेश कुमार मिश्रा ,विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागडे ,के मार्गदर्शन में लोक अदालत का प्रचार छिंदवाड़ा स्थित सी आई आई सेंटर,मे किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी के साथ 8 मार्च 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत मे विभिन्न विभागों एवं अन्य मामलो मे समझौता योग्य आपराधिक,चैक बाउंस, बैंक रिकवरी केसेस,मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं वाटर बिल, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले,सर्विस मैटर, राजस्व प्रकरण, प्री लिटिगेशन मामले संबंधी विवादों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जाता है वही न्यायालय मे चल रहे मामलो का शुलभ निराकरण व समझोता योग्य मामलो का सुलभ निपटान कराने की अपील छात्रो से की हे । ओर कहा की आप अपने अपने क्षेत्रों मे लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने एवं घर घर दस्तक देकर पारिवारिक विवाद के मामलो को चिन्हित कर आगामी आयोजित लोक अदालत मे निराकरण करवाने प्रेरित करे।वही लोक अदालत के पांम्पलेट का वितरण किया गया । प्रचार प्रसार अभियान को सफल बनाने मे सेंटर हेड संकोच कटरे , मोबेलाईजेसन आफिसर दिलीप डेहरिया, मनीषा यादव का सराहनीय सहयोग रहा ।

### शहीद कबीरदास उईके को किया नमन

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू रविवार को ग्राम पुलपुलडोह, घाटकामठा और छिंदवाड़ा में आयोजित श्रध्दाजंलि कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम पुलपुलडोह में शहीद कबीरदास उईके के श्रध्दाजंलि कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद श्री साहू ने शहीद उईके के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें विनम्र श्रध्दाजंलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शहीद के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मैं आपके परिवार जैसा हूँ और हमेशा ही आपके साथ खड़ा रहूँगा। उन्होंने शहीद के परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि आज हम शहीद उईके जैसे वीर सपूतों के कारण ही अपने आप को सुरक्षित महसूस करते है।

# बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालय में निगम ने की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय द्वारा निगम के अतिक्रमण दल को शहर में लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान निगम का अतिक्रमण दस्ता सहायक आयुक्त एवं अतिक्रमण दल प्रभारी सुश्री मीना कोरी के नेतृत्व में नया बस स्टेंड पहुंचा। निगमायुक्त के आदेश पर बस स्टेंड के यात्री प्रतिक्षालय के अंदर खड़ी गाड़ियों को जप्त किया गया। इस दौरान जप्त की गई गाड़ियों पर चालानी कार्यवाही भी की गई। कार्यवाही में निगम के जावेद खान, दुर्गेश रघुवंशी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमलनाथ के धमकी भरे बयान के बाद शुरू हुई जुबानी जंग, भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया पलटवार

## आपके इन्हीं धमकी भरे बयानों से जनता ने आपको बारीक पीस दीः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कमलनाथ के द्वारा हर्रई में अपने भाषण के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ दिए गए बयान पर रोष व्यक्त करते हुए पुलिस कर्मचारियों से माफी मांगने के लिए कहा।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि कमलनाथ आप बुजुर्ग होकर उम्र के उस पड़ाव में हैं जब आपको राग, द्वेष और बदले की धमकी वाली भाषा की राजनीति को छोड़कर सहिष्णुता और सहयोग की राजनीति करना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि आप हमेशा धमकी देते हैं कि आप बहुत बारीक पीसते हैं। कभी धमकी देते हैं जेब में बीजेपी का बिल्ला रखते हो। आपके इन्हीं धमकी भरे बयानों से जनता ने आपको इतना बारीक पीस दी कि आप अब कर्मचारियों को धमकी देने लगे है। श्री यादव ने कहा कि आप अधिकारियों कर्मचारियों को अपने इशारों पर नचाना चाहते हैं और ये भाजपा के शासनकाल में हो नहीं पा रहा है इसीलिए भाषणों में खीज निकाल रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि कमलनाथ जी ये भाजपा का शासनकाल है जिसमें सभी को बोलने की पूरी स्वतंत्रता है इसीलिए आप खुले मंच से पुलिस अधिकारियों को धमकी दे पा रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि आप अपने मुख्यमंत्री काल को याद करें जब विधानसभा उपचुनाव के समय आपके निर्देश पर पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के हेलीकॉप्टर को चौरई से उड़ने से रोक दिया गया था। श्री यादव ने कहा कि कमलनाथ जी भाजपा कभी बदले की राजनीति नहीं करती।

श्री यादव ने कहा कि कमलनाथ द्वारा हर्रई में मंच से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई धमकी उनके अवसाद को दर्शा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने कहा कि हर पिता अपने बेटे को सफल बनाने के लिए मेहनत करता है और आप भी वही कर रहे हैं लेकिन बेटे में क्या क्षमता है।

## जिला भाजपा अध्यक्ष शेषू भैया की पहल पर फुल हुआ अलका सिनेप्लेक्स हॉल

# फिल्म देखने उमड़ा विलुप्त भाजपा का कुन्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मुगलों के अत्याचार और स्वराज के प्रति सच्ची लगन को प्रदर्शित करने वाली फिल्म छावा के मुख्य किरदार संभाजी महाराज की कहानी ने लोगों के दिल को छू लिया।

मौका था अलका सिनेप्लेक्स में फिल्म छावा के प्रदर्शन का। जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव की पहल पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं के लिए फिल्म का निःशुल्क प्रदर्शन रात्रि 9.30 बजे किया गया था। छत्रपति शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज के द्वारा हिंदवी साम्राज्य की स्थापना को लेकर मुगलों से लिए गए लोहे की कहानी से हर दर्शक भाव विभोर हो उठा। पूरी फिल्म के प्रदर्शन के दौरान जय शिवाजी और जय संभाजी के नारे लगते रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव के निमंत्रण पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ता फिल्म देखने पहुंचे थे। अलका सिनेप्लेक्स का पूरा हॉल फुल हो गया। इसके अलावा कई दर्शकों ने खड़े होकर भी फिल्म का आनंद लिया।

फिल्म देखने पहुंचे दर्शकों में बड़ी संख्या में जिले के भाजपा नेताओं के साथ साथ महिला नेत्रियों की संख्या भी कम नहीं थी। जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव की ओर से जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर ने महिला कार्यकर्ताओं को भी फिल्म देखने आमंत्रित किया था। साथ ही पूरे जिले से कार्यकर्ता इस फिल्म को देखने के लिए आमंत्रित किए गए।

जिला भाजपा की ओर से फिल्म छावा देखने पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, चौरई पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, परासिया पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, धर्मेन्द्र मिगलानी, सुरेश बबुआ कश्यप, पार्षद राहुल बंटी उइके, संदीप सिंह चौहान, विक्रम सोनी, प्रीति बिसेन, पूर्व जिला महामंत्री उत्तम ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### छा गए भाजपा जिलाध्यक्ष



जिला भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की यह पहल चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल बिखरी हुई भाजपा को समेटने का काम जिला भाजपा अध्यक्ष बखूबी निभा रहे है। अभी हाल ही में उनका दो टूक बयान बेहद चर्चा में रहा। जहां उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत से आज पार्टी इस मुकाम तक पहुंची है। जिले में भाजपा की बेहतर स्थिति के लिए सभी कार्यकर्ताओं का अतुल्य योगदान रहा है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अगर कार्य करते है तो निश्चित रूप से छिंदवाड़ा के विकास के लिए और जिला भाजपा के लिए उनका यह कदम मील का पत्थर साबित होगा।

## जिला प्रेस क्लब/एसोसिएशन पांढुरना के कार्यालय का शुभारंभ

# प्रेस क्लब का भवन निधि से बनेगा, यह मेरी गारंटी है आश्वासन नहीं - सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज यहां जिला प्रेस क्लब/एसोसिएशन पांढुरना के कार्यालय के शुभारंभ उपरांत उपस्थित पत्रकारों एवं भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद बंटी साहू यह गारंटी दी। इन्होंने साफ लहजे में कहा कि प्रेस एसोसिएशन जमीन की व्यवस्था कर ले इसके उपरांत भवन बनाने के लिए निधि की व्यवस्था किए जाने का मै आश्वासन नहीं देता बल्कि आपको गारंटी देता हूं।

ज्ञात हो कि नगर में जिला प्रेस/एसोसिएशन पांढुरना के कार्यालय लोकार्पण सांसद बंटी साहू के हस्ते संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, जिला पंचायत सदस्य सुनंदा डोंगरे, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र परमार तथा उज्वल सिंह चौहान प्रमुखता से उपस्थित रहे। बंटी साहू ने आगे कहा कि पत्रकारों ने सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों भूमिकाएं निष्पक्ष रूप से निभानी चाहिए ताकि सिस्टम में क्या त्रुटियां है यह उजागर हो सके। इसी प्रकार सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाया जा सकता है। जि ला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने इस अवसर पर कहा कि पत्रकारों द्वारा नेताओं और व्यवस्था के खिलाफ टीका, टिप्पणी और कमजोरियों को उजागर करना जरूरी है। ऐसा ना हो तो कुछ नेता आसमान में उडने लग जाते है, ऐसे जनप्रतिनिधियों को जमीन पर लौटाने के लिए पत्रकारों ने अपनी भूमिका सजगता से निभानी चाहिए। समस्त पत्रकारों ने बंटी साहू और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस समारोह में तहसीलदार विनय ठाकुर एवं नपा सीएमओ राजकुमार इवनाती मौजूद रहे। प्रेस क्लब/एसोसिएशन पांढुरना के कार्यालय शुभारंभ अवसर पर संगठन अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ढोके, सचिव अजय तावरे, संरक्षक राधेशाम बेलखडे, उपाध्यक्ष उमेश पाल एवं दीपक रावल, कोषाध्यक्ष काशी बालपांडे, सहसचिव पंकज मदान, सहकोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत कावले, प्रवक्ता जीतेंद्र अतकरे, प्रदेश प्रतिनिधि पंकज कोरडे एवं अक्षय बालपांडे, समन्वयक शेख नुरू भाई एवं राहुल शेंडे, जानराव बरडे एवं मनोज सातपूते आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## बालकों ने परिजनों के साथ किया रोजा अफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



इतवार को पवित्र रमजान के पहले रोजे पर छोटे छोटे बच्चे ने भी परिजनों से रोजा रखने की जिद की। मुकद्दस रमजान के पहले दिन बच्चो ने माता पिता के साथ सात वर्षीय बालकों ने रोजा रखने की जिद की ओर रमजान के पहले रोजे की सहरी खाने के बाद रोजा रख लिया। शाम को बालकों ने खुशी खुशी परिजनों के साथ रोजा अफ्तार किया। आर्मी से रिटायर शरीफ कश्मीरी के सात साल के बेटे अर्स कश्मीरी और सुलतान मिस्किनी के बेटे पांच वर्षीय समर मिस्किनी के दिन भर के रोजे रखने पर सभी ने दूआओ से नवाजा। वही सिंगोड़ी अंजुमन में एक माह तक रोजा इफ्तार चलता रहगा।

## सांसद ने गंभीर मरीजों को दिलाई 2 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 5 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 2 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को पत्र प्रेषित कर मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

जिस आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने मोहखेड़ के ग्राम चिखलीकलां निवासी सुरेश पिता सिरपत कड़वे को 45 हजार, उभेगांव वार्ड नं. 02 बाजार चौक निवासी सुभाष पिता सोहनलाल सोनी को 45 हजार, कारी डोंगरी पांगरा निवासी कमलेश पिता लालदास यादव को 50 हजार, चौकसे कॉलोनी वार्ड नं. 41 छिन्दवाड़ा निवासी रूद्र पिता विक्रम सिंह यादव को 45 हजार एवं चौरई के ग्राम पखड़िया वार्ड नं. 09 निवासी पुलकित पिता मुकेश ठाकुर को 35 हजार की आर्थिक सहायता अपनी स्वेच्छानुदान निधि से स्वीकृत की है।

गौरतलब है कि सांसद बंटी विवेक साहू से उनके सांसद कार्यालय एवं जिले के प्रवास के दौरान कई लोगों द्वारा आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू द्वारा भी आवेदनों पर तत्काल ही गंभीरता दिखाते हुए लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी सीएम हाउस और मंत्रालय भोपाल भेजे जा रहे आवेदनों पर तत्काल ही कार्यवाही करते हुए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ति मरीज का अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## 48 किलो अमानक पन्नियां दुकानों से जब्त, जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कल दोपहर कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश पर राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर के बस स्टैंड, गुजरी चौक तथा जय स्तीं चौक क्षेत्र में कारवाई कर 48 किलो अमानक पॉलिथीन जब्त किया गया तथा 10 दुकानों पर कारवाई करते हुए 12500 रू. जुर्माना किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा गत दिनों स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में कडी कारवाई के निर्देश दिए गए थे।

प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि पॉलिथीन तथा प्लास्टिक का उपयोग ना करे। कपडे के थैले का उपयोग से सामान लाने में किया जाए। इस मौके पर प्रशासनिक टीम में तहसीदार विनय ठाकुर, सीएमओ राजकुमार इवनाती, एसआय आशीष भीमटे, स्वच्छता निरीक्षक संजय कवडे, स्वच्छता उपनिरीक्षक रवि चौधरी तथा अन्य उपस्थित थे।

## सांसद करेंगे पाईप लाईन विस्तार कार्य का भूमिपूजन

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के हस्ते कल पालाचौरई में पेंचवेली समूह आवर्धन जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 188.30 लाख रु की लागत से स्वीकृत पालाचौरई सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के पाइप लाइन विस्तार कार्य एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप स्वास्थ्य केंद्र का ग्राम पंचायत पालाचौरई (लागत 65 लाख) के ग्राम गुढ़ी ओर ग्राम पंचायत घुट्टी के ग्राम उमरिया फ़दाली (लागत 65 लाख) का भूमिपूजन करेंगे। उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में आप सभी भाजपाजन, जनप्रतिनिधि गण, बूथ अध्यक्ष गण, जिला पदाधिकारी गण, वरिष्ठ नेतागण, ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता, मातृशक्ति ओर आम जन सादर आमन्त्रित हैं।

## छिन्दवाड़ा में एम.पी. ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीक

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी.ट्रांसको) एवं रेड क्रॉस सोसायटी व स्थानीय जिला चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेज के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के जिला मुख्यालयों में स्थित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों, सबस्टेशनों आदि में ''सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों'' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जा रहें है। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला एम.पी. ट्रांसको एवं छिंदवाडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के संयुक्त तत्वावधान में छिंदवाडा में आयोजित की गई। चंदनगांव छिंदवाडा स्थित एम.पी. ट्रांस्को के कार्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक छिंदवाडा के कार्यपालन अभियंता श्री दीपक पारधी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## आज करोड़ों के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे सांसद बंटी विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 3 मार्च दिन सोमवार को छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से करोड़ों की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे ग्राम पालाचौरई के ग्राम गुड़ी स्थित बस स्टेण्ड के पास आयोजित कार्यक्रम में 188.00 लाख की लागत से पेंचव्हेंली समूह आर्वधन जल प्रदाय योजना के अंतर्गत पाईप लाईन विस्तारीकरण के कार्य का भूमिपूजन व 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन एवं पंचायत क्षेत्र में 35 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। 12 बजे ग्राम उमरिया फदाली में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन, दोपहर 1 बजे ग्राम पुरैना खालसा में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन, दोपहर 2 बजे ग्राम मरकाढ़ाना में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन, दोपहर 3 बजे ग्राम आवरिया में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन, दोपहर 3:30 बजे ग्राम भतौड़िया में गुरू साहब बाबा के दर्शन करेंगे, शाम 4 बजे ग्राम खुमकाल में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन, शाम 5 बजे ग्राम सातग्वारी में 65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन एवं शाम 6 बजे ग्राम बेलगांव माल में पंचायत द्वारा आयोजित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे।

## घर से काम के लिए निकले युवक की लाश तालाब में मिली



**पांढुर्ना।** विकासखंड के ग्राम पीपलपानी निवासी भोजराज पिता नागोराव मनोटे आयु 35 की लाश आज तालाब में पायी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह युवक 3 दिन पहले 28 फरवरी को सुबह काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। पुलिस ने बताया कि इस मामले की बारीकी से जांच उपरांत ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा। परिजनों ने गत शनिवार को ही युवक के लापता होने की सूचना पुलिस थाना में दी थी।

## वाल्मिकी समाज ने किया समाज के बुजुर्गो का शाल श्रीफल से सम्मान



**वारासिवनी।** स्थानीय सर्व वाल्मिकी समाज द्वारा रविवार को समाज के बुजुर्गो के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत वाल्मिकी के छाया चित्र पर अतिथियों द्वारा झनकलाल सेंद्रे, गोपाल सेंद्रे, सुभाष चौहान, सुरेश शेखपुरी, रज्जु लोधे आदि ने माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम में समाज के लगभग 25 बुजुर्गों का सम्मान शाल, श्रीफल से अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पवन सेंद्रे अध्यक्ष सर्व वाल्मिकी समाज, लक्ष्मण चौहान उपाध्यक्ष, सुभाष लोधे उपाध्यक्ष, विजय कटारिया सचिव, रोहित सेंद्रे कोषाध्यक्ष सहित विजेंद्र सेंद्रे, मयूर सेंद्रे, नितिन सेंद्रे, नटवर सेंद्रे, नंदकिशोर पांडे, आकाश लोधे, आकाश महानंदे, सुशील चौहान, राजा सेंद्रे, आकाश वाल्मीकि, संतोष लोधे, शिवा सेंद्रे एवं सामाजिक महिलायें उपस्थित रही।

### ग्रामीणों, नाते-रिश्तेदारों और स्वजातीय जनों की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

## ब्रेन स्टोक से महिला सरपंच का निधन, शोक में डूबा गांव

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जनपद पंचायत कटंगी के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत धनकोषा की महिला सरपंच श्रीमती जयशीला आंनदराव उइके की ब्रेन स्ट्रोक यानी मस्तिष्क आघात होने से मौत हो गई. शनिवार की शाम करीब 07 बजे घर पर ही उनका निधन हुआ. वहीं रविवार की सुबह साढ़े 11 बजे स्थानीय मोक्षधाम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, नाते-रिश्तेदारों, स्वजातीयजनों और तमाम ग्राम पंचायतों के सरपंचों-सचिवों की उपस्थिती सरपंच का अंतिम संस्कार किया गया. गांव के उपसरपंच संतोष राहंगडाले ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को सरपंच और पंचायत के सभी सदस्य मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल होने के बालाघाट गए थे. वहां से सभी सकुशल अपने घर वापस धनकोषा भी आए. जिसके बाद सरपंच ने गांव में कई जगह घूम कर लोगों से मुलाकात की और शाम को करीब 06 बजे सिर में तेज दर्द होने की बात कहते हुए वह घर की तरफ चले गई. शाम करीब 07 बजे ब्रेन स्ट्रोक से उनके निधन की सूचना मिली. महिला सरपंच के निधन से पूरे गांव में शोक का माहौल है. बता दें कि सरपंच बेहद साधारण और सरल स्वभाव की थी. वह अपने गांव के विकास कार्यों के लिए प्रत्यनशील थी. बीते दिनों उन्होंने कई सालों पुरानी जर्जर पंचायत भवन के निर्माण की मांग को लेकर मुखरता से शासन-प्रशासन से टक्कर लेते हुए पंचायत का कामकाज बंद करवा दिया था. जिसके बाद गांव को नए पंचायत भवन की सौगात मिली. जयशीला उइके ने इसके अलावा और भी कई विकास कार्य करवाए. सरपंच के आकस्मिक निधन पर ग्रामीणों ने गहरा दुख जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है. जनपद सीईओ दिनेश कर्पे ने महिला सरपंच के निधन पर दुख जताया है. वहीं सरपंच संघ, सचिव संघ ने भी दुख जाहिर किया है।

## ग्राम लोढ़ागी में 2 महीने से मोटर जलने से नल जल योजना बंद, पानी के लिए मचा हा-हाकार

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलगांव में पिछले दो माह से नल जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। जहां के ग्रामीण जन पानी के लिए त्राहि त्राहि करते नजर आ रहे है। जिन्हें करीब एक किलोमीटर की दूरी तय कर जल स्त्रोत हेन्डपम्प से पानी लाकर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। जिसके कारण ग्राम लोढ़ागी की सभी नल जल योजना बंद पड़ी हुई है जिसमें ठेकेदार के द्वारा पूर्व के कनेक्शन में ही पंचायत को योजना हेंडओवर कर ही कनेक्शन कर दिया गया हैं।जहां पर ग्रामीणों के द्वारा नल जल योजना का सफल संचालन करने की मांग की जा रही है।



### पंचायत की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को नही मिल रहा पानी – ग्रामीण

आदिवासी ग्रामीण अंचलों ने रिपोर्टर से चर्चा में बताया कि पानी की समस्या इस प्रकार है कि पहले यहां पर एक दिन बाद पानी दिया जाता था। नल कनेक्शन भी नहीं हुए हैं हमारे गांव की माता बहने युवा बहुत परेशान है जो दुर से पानी लाने जा रहे हैं योजना में पूरी अव्यवस्था है हम चाहते हैं कि हमें पानी की व्यवस्था घर बैठे की जायें।

**नल जल योजना बंद होने से लोगों को दूर दूर से पानी लाना पड़ रहा है:** ग्रामीण हेमचंद ने बताया कि हमारी सबसे बड़ी समस्या पानी की है जो पाइपलाइन बिछाई गई है वह बंद पड़ी हुई है पंचायत कहती है कि जब हमें योजना मिलेगी तब नियमित पानी देंगे सरपंच से इस संबंध में चर्चा भी हुई है वर्तमान में योजना अधूरी है। लोगों को दूर दूर से पानी लाना पड़ रहा है फिर भी 1/2 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

**ग्रामीणों को पानी की बहुत ज्यादा समस्या है :** ग्रामीण श्री टेकाम ने बताया कि नल जल योजना का पानी आ नहीं रहा है रस्सी बाल्टी लेकर कुएं पर जा रहे हैं। एक से डेढ़ किलोमीटर जाना होता है सुबह गांव के सभी लोग जाते हैं घर में जो नल लगे हुए हैं वह बंद है। ऐसी स्थिति है कि दो महीने से पानी नहीं मिल रहा हैशिकायत सरपंच को तो की है परंतु उन्हें भी स्थिति पता है जब हम हर महीने रुपये देते हैं तो हमें पानी मिलना चाहिए। घर पर पानी की बहुत जरूरी आवश्यकता होती है अभी गर्मी का मौसम आ गया है।

लोढांगी में सोलर पैनल लगाया गया था जो सरपंच राजू खेरे ने निकालकर अपने घर ले गया वैसे ही स्कूल के पास बोरिंग में मोटर लगी हुई थी जो दो माह हो गया जल गई है इस स्कूल वालों ने भी सरपंच राजू खीरे को सूचित भी किया है जिसे दो माह हो चुके हैं सुधार नहीं रहा जिसे स्कूल के बच्चों को व आंगनबाड़ी के बच्चों को पानी पीने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सोलर पैनल के पास भी एक हैंड पंप था जिसकी मोटर जल चुकी है उसे भी नहीं सुधर गया है पत्रकार को ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई पत्रकार के द्वारा सरपंच राजू खेरे से फोन पर बातचीत होने पर उन्होंने कहा हैंडपंप बनाने वाला मैकेनिक नहीं मिल रहा है इसलिए मोटर नहीं बनाई गई जल्द से जल्द मोटर बनाई जाएगी। ग्रामीणों की पानी की समस्या को हल किया जाएगा।

## सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश जुझार की सेवानिवृत्ति पर विभाग द्वारा दिया गया भव्य बिदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



कृषि विभाग वारासिवनी के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश जुझार के सेवानिृत्त होने पर एक भव्य अभिनंदन व बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के सहायक संचालक श्री खोबरागड़े सहित अनेकों आत्मीयजनों, अधिकारियों एवं राज्य कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी पंचम हनवत, भारतीय मजदूर संघ के संरक्षक प्रणय श्रीवास्तव अश्क, सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी श्री चौधरी, श्री शर्मा, श्री मेश्राम आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुकेश जुझार एवं उनकी जीवन संगिनी मधु जुझार का पुष्पहार, अंग वस्त्र, श्रीफल एवं स्मृति स्वरूप सूटकेस भेंट कर भव्य अभिनंदन किया गया। कृषि विभाग की अधिकारी श्रीमती प्रतिभा टेंभरे द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया। मुकेश जुझार जी के कार्य काल में हुए किसानों के सरकारी कल्याण कार्यक्रम की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए सभी वक्ताओं ने उन्हें शासन का एक कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार व्यक्ति बताया।

भारतीय मजदूर संघ के संरक्षक प्रणय श्रीवास्तव अश्क ने स्वरचित अभिनंदन गीत प्रस्तुत करते हुए मुकेश जुझार को राज्य कर्मचारी संघ का जागरूक एवं सक्रिय पदाधिकारी कहा। राज्य कर्मचारी संघ जिला उपाध्यक्ष पंचम हनवत ने मुकेश जुझार को व्यवहार कुशल अधिकारी बताते हुए संगठन का एक आधार स्तंभ कहा।

कार्यक्रम का कुशल संचालन राज्य कर्मचारी संघ एवं जिला कृषि विस्तार अधिकारी संघ के अध्यक्ष गायक कलाकार दिलेश खंडेलकर ने बखूबी शेरों शायरी के साथ निभाया। सभी ने पुष्प हार एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उज्वल भविष्य, शतायु होने, स्वस्थ सुखी आनंदमय जीवन की कामना की।

अंत में मुकेश जुझार द्वारा अपने आभार वक्तव्य में सभी साथियों के मिले सहयोग एवं सद्भाव के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कार्यकाल के दौरान जाने अनजाने हुई किसी भी भूल के लिए क्षमा प्रार्थी बताते हुए 39 वर्षों के सेवा काल के अनेकों संस्मरण सुनाए गए।

## एफ/ 123 बटालियन कें. रि. पु. ब. लोढ़ागी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत होनहार छात्र-छात्रा को वितरण किए कंप्यूटर, लेखन सामग्री एवं स्कूली बैग

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



कमांडेंट 123 बटालियन श्रीमती तेजिंदर कौर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एफ /123 बटा. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा गरीब ग्रामीण बच्चों के लिए चलाए गए 15 दिवसीय कंप्यूटर कोर्स 10 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजन किया गया। कंप्यूटर कोर्स समापन समारोह में 2 मार्च 2025 को प्राथमिक विद्यालय ग्राम लोढ़ागी में श्रीमती तेजिंदर कौर कमांडेंट 123 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कर कमलों द्वारा ग्राम लोढ़ागी ,पीपल गांव, जोधीटोला, काकोडी एवं कटंगटोला, साकरी टोला के कंप्यूटर कोर्स में उत्तीर्ण बच्चों को प्रमाण पत्र तथा कोर्स में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों कुमारी नेहा सुपुत्री कमल सिंह मरकाम ग्राम लोढ़ागी, कुमारी योगिता सुपुत्री दिलीप पारधी एवं मुरलीधर पुत्र प्रभु लाल दानी को कंप्यूटर सेट प्रदान किया गया इसके अतिरिक्त 120 बेग, 480 रजिस्टर, 120 कंपास बॉक्स, 240 पेन अन्य स्कूलों से आए कुल 200 स्कूली बच्चों को वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एफ / 123 बटालियनके समन्वय अधिकारी निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद, निरीक्षक राम सेवक मरावी ,निरीक्षक लोकेश सूर्यवंशी, उप निरीक्षक एमके पटेल ,सहायक उप निरीक्षकप्रमोद चंद्र ,सहायक निरीक्षक लायक सीह गुर्जर, हव/ जीडी रामवीर सिंह, सिपाही जयप्रकाश सैनी, के साथ-साथ कंपनी के समस्त अधिकारियों एवं जवानों ने अपने दायित्व का पूर्व निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में पीपल गांव से भोजराज धनौले, धनेश्वर कबी रे, सागर दरवरे, लोढ़ागी से दिनेश पन्द्रे, किशोर बिसेन, जोधी टोला से मनोहर दोहरे, शंकर पटले,भैया लाल कटरे, प्राथमिक विद्यालय लोढांगी के प्रधान अध्यापक कमन सुलाखे, मेढ़रा प्रधान अध्यापक सूर्यकांत कालबेले कटंग टोला के प्रधान अध्यापक राजेंद्र दरवारे, जोधी टोला प्रधान अध्यापक श्रीमती मंजूलता खेरे , पीपलगांव माध्यमिक विद्यालय के मुकेश रामटेके के साथ-साथ अन्य गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विजेता विद्यार्थियों को वितरित किए गए पुरस्कार

## शासकीय महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ 2 दिवसीय स्नेह सम्मेलन का समापन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं क्रीडा उत्सव 2025 के द्वितीय दिवस प्राचार्य डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले के मार्गदर्शन एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ0 रक्षा निकोसे के नेतृत्व एवं प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले द्वारा शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें महाविद्यालय की गतिविधि व समस्त जानकारी प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव सिंह पारधी विधायक कटंगी, प्रमुख अतिथि विवेक विक्की पटेल विधायक वारासिवनी-खैरलॉंजी, विशेष अतिथि श्रीमती माया उइके अध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी, आदित्य अग्रवाल, शैलेन्द्र सेठी, समीर बिसेन, नितीन बन्टी सेन्दरे, शिवदयाल बोपचे, अभिषेक अग्रवाल, हिमांशु संचेती के अलावा गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा अतिथियों के स्वागत वन्दन के बाद छात्र/छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, फैन्सी ड्रेस, एकल नृत्य, एकल गीत समूह नृत्य, समूह गीत, लोकगीत व मिमिक्री के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन द्वारा छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल होने की शुभकामनाएँ दी गई।

# ईवीएम के बाद अब पेपर लेस बूथ के माध्यम से चुनाव पर विचार

## लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन- राज्य निर्वाचन आयुक्त

### पेंच जिला सिवनी में आयोजित हुई राज्य निर्वाचन आयुक्तों की नेशनल कांफ्रेंस

**पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ईवीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ की कल्पना को मूर्त दिया जा रहा है। पंचायत उप निर्वाचन में चुनाव पेपर लेस बूथ के माध्यम से सफलतापूर्वक कराये जा चुके हैं। मध्य प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह बात राज निर्वाचन आयोग की 31वीं नेशनल कांफ्रेंस में कही। कांफ्रेंस पेंच जिला सिवनी में आयोजित की गई है ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोगो द्वारा कराये जाने वाले पंचायत एंव नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की प्रयोगशाला और परिक्षण स्थली हैं। पूरी दुनिया और साथ ही भारत का यह अनुभव है कि जब भी निर्वाचन संबधी कोई महत्वपूर्ण प्रयोग होते हैं तो सबसे पहले स्थानीय निर्वाचनों में होते हैं। जब महिलाओं को प्रतिनिधि सस्थाओं में आरक्षण का विचार आया तो सबसे पहले पंचायतों और स्थानीय निकायों में इसे लागू किया गया । मध्यप्रदेश में तो निकायों में पहले 33 प्रतिशत और बाद में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। इसकी जितनी स्वीकार्यता पिछडे कहे जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में हुई उतनी वरिष्ठ स्तरों पर अभी भी नही हो पाई।









राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव हैं। यह चुनाव पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस चुनाव के माध्यम से नागरिक सीधे शासन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनते हैं। उन्होंने ऑनलाइन वोटिंग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रयोग पहली बार एस्टोनिया में किया जा चुका है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के मद्देनजर यह जरूरी है कि हम चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रक्रिया में बदलाव करते रहें।

#### इवीएम शेयरिंग

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि चुनावी खर्च कम करने के उद्देश्य से राज्यों के बीच इवीएम शेयरिंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त उनके राज्य में किए गए नवाचारों को साझा करेंगे। इससे अन्य राज्यों में भी उसे लागू किया जा सकेगा। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता असम के राज्य निर्वाचन आयुक्त आलोक कुमार ने की। इस दौरान विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोग के नवाचारों को समाहित कर लिखी गई पुस्तक एक्स-चेंज : एक्स-पीरियंस इनीशिएटिव - 2025 का विमोचन किया गया।

#### इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

*मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने स्थानीय निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया में पेपरलेश बूथ प्रणाली तथा इंटरग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम को अपनाने की कार्ययोजना पर प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि पेपरलेश बूथ प्रणाली में डिजिटल टूल्स अपनाने से स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया सरल होगी। सभी डाक्यूमेंटेशन डिजिटल होंगे तथा मानवीय भूल की संभावना भी कम होगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल टूल्स का उपयोग होने से चुनाव में लगने वाले कर्मियों की संख्या में कमी आएगी तथा चुनाव खर्च भी कम होंगे। आन्ध्रप्रदेश निर्वाचन आयोग की आयुक्त श्रीमती नीलम साहनी द्वारा स्वचलित लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने इलेक्ट्रोरल रोल मैनेजमेंट, पोल मैनेजमेंट के ऑटोमेशन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए अन्य आयुक्तों के साथ समस्या एवं सुधार की सम्भावनाओं पर चर्चा की। विभिन्न राज निर्वाचन आयोग के आयुक्तों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। लखनादौन एसडीएम रवि सिहाग तथा सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा द्वारा ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिसेस और सुविधाजनक निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रजेंटेशन दिया। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग त्रिपुरा द्वारा राज्य में स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर सिवनी सुश्री संस्कृति जैन ने प्रथम सत्र के समापन पर आभार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस में तीन और चार मार्च को भी विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञ प्रेजेंटेशन देंगे।*

## खबर संक्षेप

### टैक्टर पलटने से एक मृत, 6 घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना के बादलपार चौकी के जोगीवाड़ा गांव के पास शुक्रवार की रात ट्रैक्टर टॉली पलटने ने एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्वारी गांव के कुछ लोग चौरई के देवरी गांव में पूजन-पाठ के लिए गए थे। वापस वे ट्रैक्टर टॉली में बैठकर आ रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ग्वारी निवासी महेश पिता पूनाराम वर्मा (60) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही घायलों को एंबुलेंस से कुरई अस्पताल लाया गया। महेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन वहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेष घायलों का कुरई अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर में घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी के पलारी गांव के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि जामुनपानी निवासी दामोदर प्रसाद शुक्ला अपने साथी मुनीलाल पंद्रे के साथ बाइक से जामनुपानी गांव जा रहे थे। रास्ते में पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गिरकर घायल हो गए।

# सिवनी के अमित पाठक का अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में चयन

**बिना कोचिंग और 100 प्र तिशत स्कॉलरशिप के साथ रचा इतिहास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले के अमित पाठक, पुत्र अरुण पाठक, ने अपनी मेहनत और लगन से अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के एम.ए. डेवलपमेंट कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। विशेष बात यह है कि अमित ने प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 100 प्र तिशत स्कॉलरशिप भी अर्जित की है, जिससे उनकी पूरी पढ़ाई निःशुल्क होगी। यह उनकी असाधारण प्रतिभा और सामाजिक सरोकारों की गहरी समझ को दर्शाता है। ढ्ढह्ञ उनकी इस सफलता से परिवार, शिक्षकों और पूरे जिले में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो बिना किसी कोचिंग के भी अपनी मेहनत और लगन से बड़े सपने पूरे कर सकते हैं। अमित पाठक को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ!

# सस्ते में लोहा-सीमेंट दिलाने वाला ठग पुलिस ने दबोचा

**एक निर्माणाधीन मकान के मालिक को सस्ते में लोहा और सीमेंट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।**

हालांकि उसके पास से नकदी और अन्य सामान नहीं मिला। ज्ञात हो कि तिलक वार्ड निवासी दिनेश शर्मा का हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान बन रहा है। उसको एक शख्स ने कम रेट पर लोहा और सीमेंट दिलाने के नाम पर 86 हजार रुपए की ठगी की थी। आरोपी ने बकायदा उसे एक दूसरी दुकान में ले जाकर फर्जी जानकारी दी। इसके बाद दिनेश से 86 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की तो आरोपी पकड़ में आ गया। आरोपी छिंदवाड़ा जिले के चौरई निवासी सोनू खान है। कोतवाली टीआई सतीश तिवारी ने बताया कि आरोपी काफी शातिर है। वह निर्माणधीन मकान में जाकर वहां के मजदूरों से मकान मालिक का नंबर हासिल कर ठगी करता था। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### दो समूहों की शराब दुकानों का होगा टेंडर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में नई आबकारी नीति के तहत 18 में से 16 समूहों की शराब दुकानों का नवीनीकरण हो चुका है। बताया जा रहा है कि नई प्रक्रिया के तहत दो समूहों की सात दुकानों के लिए टेंडर किए जाएंगे। जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक ने बताया कि बारापत्थर की तीन और गंगेरुआ समूह की चार दुकानों के टेंडर किए जाएंगे। जिले में वर्ष 2025-26 के लिए 18 समूहों का आरक्षित मूल्य 2.65 अरब रुपए है। नवीनीकरण में शासन को 2.36 अरब रुपए 16 समूहों से प्राप्त हो चुके हैं। शेष दो समूहों का आरक्षित मूल्य 29.33 करोड़ रुपए है। इन दुकानों की नीलामी ई-टेंडर और ई-टेंडर कम ऑक्शन से होगी।

# किसानो का गेंहूँ सबसे अधिक मूल्य पर खरीदने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है-श्रीमती मीना बिसेन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव किसान एवं जनता के हित में लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रहे है । मुख्यमंत्री डां. यादव ने बालाघाट में आयोजित किसान सम्मेलन में किसानों के हित में ऐतिहासिक घोषणा करते हुये कहा है कि मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल करने के साथ धान उत्पादक किसानों को 4000 रूपये प्रति क्विंटल बोनस बहुत जल्द प्रदान किया जायेगा । किसान हितैषी इस निर्णय का भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने स्वागत करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा की संवेदनशील सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है । श्रीमती बिसेन ने कहा कि मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ की खरीदी 26 सौ रूपये प्रति क्विंटल होगी । किसानो का गेंहूँ सबसे अधिक मूल्य पर खरीदने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है । इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 175 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में ही किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुये ऐलान किया है कि धान उत्पादक किसानों को वर्ष 2024 में विक्रय किये गये धान पर प्रति हेक्टेयर चार हजार रुपये बोनस दिया जायेगा । श्रीमती मीना बिसेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये प्रदेश की सरकार पूरी क्षमता से कार्य कर रही है किसानों को हर प्रकार की सुविधा देने के सफल प्रयासों के साथ किसानों को सीधा लाभ देने का हमारी सरकार के मुखिया ने जो निर्णय लिया है वह निश्चित रूप से किसानों की बेहतरी सुनिश्चित करने वाला सराहनीय निर्णय है और हम सिवनी जिले की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते है और इस हितकारी निर्णय का स्वागत करते हुये प्रदेश की संवेदनशील सरकार का आभार व्यक्त करते है । भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती बिसेन के साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदीप राय आनंद शर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव द्वारा किसानो के हित में की गयी घोषणा का स्वागत किया है और जिले के किसानों को शुभकामनाएँ दी है ।

# कन्या विवाह योजना की टेंडर प्रक्रिया से मीडिया को रखा गया दूर

### टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्षता पर उठ रहे सवाल

**घंसौर** – सिवनी जिले की जनपद पंचायत घंसौर यूं तो पिछले कुछ दिनों में प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रही है। हर दूसरे दिन देखने में मिलता है कि जनपद पंचायत घंसौर में कहीं कोई कर्मचारी नदारत मिलता है तो कहीं कोई अधिकारी अवकाश लेकर चला जाता है जनपद पंचायत घंसौर में आए दिन लोगों को परेशान होते देखा जा सकता है घंसौर जनपद पंचायत में मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रध्दा सोनी के अवकाश में जाने के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विशन सिंह ठाकुर को मुख्यकार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है । ताजा मामला घंसौर जनपद पंचायत के अंतर्गत आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के आयोजन को लेकर टेंडर प्रक्रिया को लेकर सामने आया। मिली जानकारी के अनुसार पहले तो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत टेंडर में आयोजित कर निविदाओं को खोले जाने की प्रक्रिया सिर्फ इसी बात को लेकर एक दिन टाल दी गई कि प्रभारी सीईओ घंसौर में ही नहीं थे जिसके बाद 27 फरवरी को खोले जाने वाली निविदाएं को 28 फरवरी के दिन खोलने का निर्णय लिया गया, जिस हिसाब से निविदाएं बंद कमरे में खोली गई वे टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सीधे सवाल खड़े कर रही हैं। पहले तो मीडियाकर्मियों को प्रभारी सीईओ द्वारा जनपद सभाकक्ष में जाने की अनुमति प्रदान नहीं दी गई । जब कारण पूंछा गया तो नियमों का हवाला दिया गया जिसे लेकर घंसौर के मीडियाकर्मियों एवं प्रभारी सीईओ के बीच जमकर बहस देखी गई जब मीडियाकर्मियों ने प्रभारी सीईओ से सवाल किया कि जनपद सदस्यों के पति और राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों को सभा कक्ष में जाने की अनुमति है तो फिर पत्रकारों को आखिर टेंडर प्रक्रिया से क्यों दूर किया जा रहा है प्रभारी सीईओ जवाब ही नहीं दे सके और फिर वे कहने लगे कि मुझे मीडियाकर्मियों से कोई दिक्कत नहीं है वे भी टेंडर प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं मगर अपना अपमान होता देख मीडिया से जुड़े लोगों ने घंसौर में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए कार्यक्रम में नहीं जाने का निर्णय लिया है साथ ही घंसौर जनपद पंचायत में अधिकारी राज को लेकर भी जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि आखिर देश के चौथे स्तंभ पर जनपद पंचायत घंसौर के अधिकारियों द्वारा क्यों हमेशा ही दबाने का प्रयास किया जाता है इस विषय में जिला प्रशासन को अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारीयों से सवाल जरूर करने चाहिए ।

# दो दिन की मशक्कत के बाद नदी में डूबा व्यक्ति का मिला शव

**सिवनी** जिले के उगली थाना क्षेत्र में हिरीं-वैनगंगा नदी के संगम घाट पर शुक्रवार को एक नाव में सवार चार लोगों में से एक व्यक्ति नदी में डूब गया। आज रविवार को दो दिन की मशक्कत के बाद उसका शव बरामद किया गया।

घटना शुक्रवार की शाम की है। बालाघाट जिले के धपेरा मऊ गांव के गंगाराम पेंचेश्वर (77) दो अन्य युवकों के साथ नाव से नदी पार कर रहे थे। नाव में एक बाइक भी रखी थी। गहरे पानी में पहुंचते ही नाव डूबने लगी। नाविक और दो युवक तैरकर किनारे पहुंच गए। लेकिन गंगाराम लापता हो गए।

सूचना मिलते ही उगली पुलिस मौके पर पहुंची।टीम को बुलाया गया। टीम ने गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू किया। नाव में रखी बाइक को निकाल लिया गया। दो दिनों तक लगातार तलाश के बाद आज सुबह गहरे पानी में गंगाराम का शव मिला। उगली पुलिस थाना प्रभारी और स्ष्ठश्वक्रस्न प्रभारी एएसआई आनंद कौशल के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम ने यह अभियान चलाया। टीम में विजेंद्र कुमार धुर्वे, यशवंत ओरमाडे, हेम सिंह उइके, अनिल सयाम, लोकेश अहिरवार और गिरधर सिरसाम शामिल थे। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घंसौर में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छठवीं में 30 छात्र एवं 30 छात्राओं की सीटों पर अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की गई है। एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य विष्णु स्वामी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 18 फरवरी व आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च मार्च है।

### प्रमुख अभियंता जांचेंगे किसान को डिग्गी में डालने का मामला

# 15 दिन में देना होगा जबाव; कलेक्टर रिपोर्ट में दोषी मिला एसडीओ पहले ही हो चुका निलंबित




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किसान को जबरन कार की डिक्की में डालने के मामले में प्रमुख अभियंता आरोपी से करेंगे पूछताछ । सिवनी में किसान को मारकर उसे कार की डिग्गी में ठूंसने वाले जल संसाधन विभाग के एसडीओ को कलेक्टर की जांच में दोषी पाया जाने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया। अब राज्य शासन ने उसके खिलाफ विभागीय जांच करने चार्जशीट जारी कर दी है। प्रमुख अभियंता इस मामले में जांच करेंगे। आरोपी इंजीनियर को 15 दिन के अंदर जबाव देना होगा। समय पर जवाब नहीं मिलने पर प्रमुख अभियंता सीधे कार्रवाई का फैसला कर सकेंगे।

### इबादतों, रहमतों व बरकतों का पवित्र महीना रमजान-उल

मुबारक का चांद शनिवार को देखा गया। चांद दिखने की तस्दीक होते ही लोग रविवार से रमजान के रोजे रखने की तैयारी में मशगूल हो गये. सेहरी के इन्तेजाम में लोग जुट गये। वहीं यह नियम है कि चांद देखे जाते ही रमजान की विशेष नमाज तरावीह की शुरुआत हो जाती है। लोग इसके लिए मस्जिद और चिन्हित जगहों पर पहुंचने की जल्दी में दिखे । रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है. हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए. ऐसे खजूर की मांग है जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो. रोजेदारों की पसंद को देखते हुए बाजार में बड़े चमचमाते काले कलमी खजूर आ गए हैं. इसके कई प्रकार हैं। व्यापारियों ने रमजान को देखते हुए लच्छे भी तैयार किये है। जानकारी के अनुसार ज्यादातर रोजेदार सहरी में दूध-लच्छे खाते हैं। मस्जिदों की मरम्मत के साथ रंगाई-पुताई एवं साफ सफाई पहले से ही कर ली गयी है।

# बाल सरंक्षण पाक्सो और जेजे एक्ट पर छात्रावास अधीक्षको की क्षमतावृध्दि प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले के लखनादौन विकासखंड में जनजातीय कार्यविभाग मध्य प्रदेश शासन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षको का बाल सरंक्षण (पाक्सो और जेजे एक्ट) पर एक दिवसीय क्षमतावृध्दि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वन विद्यालय लखनादौन में किया गया जिसमें 55 छात्रावास अधीक्षको की सहभागिता रही। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य छात्रावास अधीक्षको को बाल सरंक्षण कानून व बाल अधिकारो पर बेहतर समझ विकसित करना जिससे वह अपने अपने दायित्व को अधिक प्रभावी ढंग से निभाने में सक्षम होगे।



लखनादौन एसडीओपी श्री अपूर्व भलावी जी ने अधीक्षको को पाक्सो और जेजे एक्ट का महत्व साथ ही पुलिस एवं कानून बाल सरंक्षण की प्रक्रिया में किस तरह मदद करते है इसके बारे में भी बताया। उन्होने कहा कि छात्रावास अधीक्षको को बाल अधिकारो एवं बाल बाल सरंक्षण के नियमो की जानकारी होना अति आवश्यक है। महिला एवं बाल विकास विभाग प्रमुख अधिकारी श्रीमती राजश्री मेश्राम जी के द्वारा बताया गया कि सुरक्षा, शिक्षा और सुपोषण हर बच्चे का अधिकार हैं। बच्चों के अधिकारो को सुरक्षित करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों के अधिकारो को संरक्षण करने के लिए सभी का संवेदनशील होना बहुत जरुरी है। प्रशिक्षण में NRLM से ब्लॉक मैनेजर द्विवेदी, लखनादौन विकासखंड विकास अधिकारी नीरज दूबे सर व बीआरसी राम पटले सर, बीएससी श्री कैलाश साहू सक्षम नोडल अधिकारी सुनील साहू जी के द्वारा प्रतिभागियो को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री रवि प्रताप सिंह तोमर एवं ब्लॉक मैनेजर के रूप में अंकित जी, रंजीत जी, नेहा जी एवं नेत्रपाल जी के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। आज का प्रशिक्षण सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक रहा, जिसमें छात्रावास अधीक्षकों को बाल सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ और कौशल प्राप्त हुए, जो उनके कार्यक्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होंगे।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 5 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डीपीसी महाविद्यालय के संस्थापक पंडित डीपी चतुर्वेदी जी की जयंती पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 5 मार्च दोपहर 12:30 बजे से आयोजित किया गया है, इस दौरान हास्य कविताओं से जुडे अनेक कविगण अपनी कविता का पाठ करेंगे, आयोजन एसएससी महाविद्यालय ड्रीमलैड में रखा गया है इस दौरान साहित्यकारों का सम्मान भी किया जायेगा। आयोजन में राष्ट्रीय कवि घनश्याम मैथिल भोपाल शिवेन्द्र यादव धार, अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो, डॉ. रानू रूही जबलपुर एवं विनोद नैन इंजीनियर संस्कारधानी से आयेगे इनके अतिरिक्त सफर जोनपुरी भी उपस्थित रहेंगे।

### भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को भ्रष्ट प्रदेश बना दिया-कांग्रेस

**सिवनी**, प्रदेश की भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को भ्रष्ट प्रदेश बना दिया, कोई भी शासकीय अशासकीय संस्थाओं में मोटी रकम दिये बिना अधिकारी, कर्मचारी आम जनता का सीधा-सीधा काम भी करने को तैयार नही है। प्रदेश में आये दिन भ्रष्टाचार के मामले अखबार की सुर्खीयों में बने रहते है, बडे स्तर के अधिकारी तो छोड़ो तृतीय एवं चर्तुथ श्रेणी के लिपिक के यहॉ भी करोड़ो रूपय की सम्पत्ति निकल रही है यह सब काम सत्ताधारी दल के मंत्रीयों, नेताओं और अधिकारी, कर्मचारियों की मिली भगत से हो रहे है और आम जनता इसमें पीस रही है शासन के नियम है कि 3 वर्ष से अधिक कोई भी अधिकारी, कर्मचारी उसी स्थान पर पदस्थ नही रह सकते अधिक समय तक एक ही स्थान पर रहने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार इन भ्रष्ट अधिकारी, कर्मचारियों को एक ही स्थान पर स्थापित कर यह बताना चाह रही हो कि प्रदेश की जनता को लूटने का लायसेंस इन्हें प्रदेश की भाजपा सरकार से मिल गया हो। प्रदेश का कोई भी शासकीय, अशासकी विभाग, कार्यालय में बिना रिश्वत लिए आम जनों का काम नही हो पाते, पैसा देने के बाद भी अनेक चक्कर लगवाये जाते है। भाजपा की तबादला नीति में स्पष्ठ है कि तयसुदा रकम दो और मन चाहा जिला, विभाग, पद प्राप्त करो, जब अधिकारी, कर्मचारी मोटी रकम देकर अपना तबादला कराते है तो उनके मन से सरकार, मंत्री एवं नेताओं का डर निकल जाता है। रिश्वत के इस खेल में मंत्री, नेताओं, अधिकारी, कर्मचारी की तो मौज है, परेशान आम आदमी को होना पड़ रहा है जिसे अपने छोटे-छोटे काम कराने के लिए मोटी-मोटी रकम नही दे सकते। दो दिन पूर्व खाद विभाग की कनिष्ठ अधिकारी 40 हजार रू. की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त ने रंगे हाथो पकड़ा, यह खेल बहुत दिनो से चल रहा है ऐसा नही कि इस रिश्वत में सिर्फ यही अधिकारी शामिल हो, बटवारा तो उपर से लेकर नीचे तक किया जाता होगा। इसकी जांच यदि निष्पक्षता से की जाए तो और भी कई अधिकारी, कर्मचारियों की संलिप्तता पाई जा सकती है।

# मस्जिदों में उमड़े रोजेदार, रमजान के पहले रोजे की शाम 6:18 बजे सामूहिक इफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में रविवार से पवित्र माह रमजान की शुरुआत हो गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सुबह सहरी के साथ पहले रोजे की शुरुआत की।**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रोजेदारों ने दिनभर अल्लाह की इबादत की। शाम को सूर्यास्त के बाद कई मस्जिदों, मदरसों और इबादतगाहों में सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। शाम 6:18 बजे रोजेदारों ने एक साथ इफ्तार किया और दुआएं मांगी। जामा मस्जिद



और जामिया नूरिया मदरसा सहित सभी मस्जिदों में रोजेदारों की भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान छोटे बच्चों की उपस्थिति सबसे अधिक रही।

इस्लाम धर्म में रमजान के पूरे महीने रोजे रखना हर मुसलमान के लिए फर्ज है। रोजे का अर्थ है परहेज करना। रोजेदार सूर्योदय से सूर्यास्त तक खाने-पीने और अन्य बुराइयों से दूर रहता है। मुस्लिम विद्वान हाजी शोएब खान के अनुसार, इसी पवित्र माह में अल्लाह की किताब 'कुरान' पैगंबर हजरत मोहम्मद पर उतारी गई। इसमें दुनिया के लिए भलाई और शांति का संदेश दिया गया है।

रमजान में कुछ विशेष तारीखें होती हैं। पहला रोजा गौसे आजम की यौमे पैदाइश है। इसके अलावा तीसरा, सत्रहवां, इक्कीसवां और सत्ताइसवां रोजा विशेष महत्व रखता है।

# सीएम की सुरक्षा ड्यूटी से लौटे एसआई की मौत

## खाना खाने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ी, डॉक्टरों ने जताई ब्रेन स्ट्रोक की आशंका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में रविवार दोपहर करीब 3 बजे 56 वर्षीय पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) राजिक सिद्दीकी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वे बालाघाट के वॉर्ड नंबर 13 में रहते थे, लेकिन उनकी पोस्टिंग छिंदवाड़ा जिले के परसिया थाने में थी।

28 फरवरी को 15 दिन के आंख के ऑपरेशन के अवकाश से वे ड्यूटी पर लौटे थे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा ड्यूटी के लिए उन्हें बालाघाट भेजा गया था।

1 मार्च को वे लांजी के कोटेश्वर धाम में वे ड्यूटी पर थे। रात करीब 12 बजे वे घर लौटे। रविवार दोपहर करीब 1 बजे खाना खाने के बाद वे परसिया जाने वाले थे। इस बीच उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें बालाघाट जिला अस्पताल ले गए। वहां उनकी मौत हो गई।

डॉ. अंकित राणा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में ब्रेन स्ट्रोक से मौत होने की आशंका है। हालांकि, सटीक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से चलेगा।

अस्पताल चौकी प्रभारी एएसआई शिवदयाल पटले ने बताया कि शव का पंचनामा और पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। सोमवार को उनका सिपुर्दे खाक किया जाएगा।

परिवार में पत्नी रुबीना सिद्दीकी, 24 वर्षीय बेटी मुस्कान, दो बेटे 21 वर्षीय अयान और 15 वर्षीय फाईज हैं। पत्नी को एक साल पहले हार्ट में समस्या हुई थी। उनका वर्तमान में दिल्ली से इलाज चल रहा है। बेटा अयान दिल्ली में कोचिंग कर रहा है। उपनिरीक्षक राजिक सिद्दीकी बालाघाट, कोतवाली, लांजी, लालबर्रा, किरनापुर थाने में पदस्थ रहे हैं। यहीं से उपनिरीक्षक में पदोन्नत होने के बाद वह परासिया थाने में पदस्थ हुए थे।

# संगम घाट में डूबे युवक का शव मिला

**बालाघाट।** बालाघाट के लामता तहसील के मोंगराटोला निवासी गंगाराम पंचेश्वर (32) का शव रविवार को सिवनी और बालाघाट की नदियों के संगम से बरामद किया गया। गंगाराम 28 फरवरी को नाव से नदी पार कर रहा था। इसी दौरान नाव पलटने से वह डूब गया था। गंगाराम की सिवनी जिले के उगली क्षेत्र में सरेखा में मोटर वाइंडिंग की दुकान थी। वह रोजाना नाव से आना-जाना करते थे। घटना वाले दिन दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी दुकान जाने के लिए निकले थे। नाव में उनके अलावा नाव चालक समेत 4 लोग और 2 बाइक सवार थे। सिवनी की हिर्री नदी और बालाघाट की वैनगंगा नदी के संगम घाट पर नाव डूब गई। नाव चालक और दो अन्य लोग तैरकर बाहर निकल गए। गंगाराम और दोनों मोटरसाइकिल नदी में डूब गए। नाविक ने तुरंत गंगाराम के परिजनों को फोन कर सूचना दी। परिजनों ने लामता और उगली थाने में सूचना दी।

# भारतीय जैन संघटना के फिर अध्यक्ष बने वर्धमान सेठिया

**बालाघाट।** बालाघाट में भारतीय जैन संघटना की नई कार्यकारिणी का गठन प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील जैन, प्रदेश सदस्य विशाल संचेती, संकेत सुराना, पूर्व महिला अध्यक्ष आराधना जैन के प्रमुख मौजूदगी में किया गया। जिसमें पिछले कार्यकाल के सफल कार्यो को देखकर एक बार फिर भारतीय जैन संघटना के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी वर्धमान सेठिया को दी गई। वहीं नगर अध्यक्ष पद से प्रमोट करके अधिवक्ता विशाल बोथरा को सचिव मनोनित किया गया है।

# दिव्यांगों को उपकरण लेने दो बार आना पड़ा

## पहले सीएम फिर सांसद के कार्यक्रम में बुलाया, जगह कम पड़ी तो बरामदे में बैठे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में दिव्यांगों को सहायक उपकरण पाने के लिए दो बार जिला मुख्यालय आना पड़ा। इससे न सिर्फ दिव्यांगों को परेशानी हुई, बल्कि जनपदों को भी उन्हें भेजने में आर्थिक बोझ उठाना पड़ा।

जिला प्रशासन ने सभी जनपदों में शिविर लगाकर 1412 दिव्यांगजन और 1040 वरिष्ठजनों को वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया था। कार्यक्रम पहले 23 फरवरी को होना था। फिर इसे 22 फरवरी कर दिया गया। लेकिन मुख्यमंत्री के न आने के कारण इसे टाल दिया गया।

### दिव्यांगों को एक्सीलेंस मैदान बुलाया गया

1 मार्च को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में दिव्यांगों को बुलाया गया। वहां मुख्यमंत्री ने कुछ दिव्यांगों को सांकेतिक रूप से उपकरण दिए। इसके बाद 2 मार्च को फिर से एक कार्यक्रम रखा गया। यह कार्यक्रम पहले से तय नहीं था। जल्दबाजी में प्रशासन ने सभी दिव्यांगों को उत्कृष्ट विद्यालय में बुलाया। इस दौरान सांसद भारती पारधी भी मौजूद रहीं।

**तेज धूप में दिव्यांग होते रहे परेशानः** कार्यक्रम में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इस कारण दिव्यांगों को स्कूल के बरामदे में बैठना पड़ा। तेज गर्मी में कोई पिता अपने बेटे को लेकर आया था तो कोई बेटी अपने बुजुर्ग पिता को लेकर पहुंची थी। 60 किलोमीटर दूर से आए दिव्यांग धनराज ने कहा कि अगर कार्यक्रम जनपद स्तर पर होता तो उन्हें इतनी दूर नहीं आना पड़ता।

# महिला दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक



## कमला नेहरू सभागृह में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला जनप्रतिनिधियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। वीरांगना महिला समिति ने मोती उद्यान में एक बैठक की। इसमें 8 मार्च को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

जिला वीरांगना महिला समिति की अध्यक्ष शीला नगपुरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई निर्णय लिए गए। समिति ने तय किया कि कार्यक्रम कमला नेहरू सभागृह में किया जाएगा। इस अवसर पर गीत, संगीत, भाषण और नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम में महिला जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। समाज की महिला सरपंचों का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। शीला नगपुरे ने बताया कि यह आयोजन वीरांगना महिला समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया जाएगा।

# संवाद से निकलता है समस्या का समाधान- पूर्व विधायक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार के गोंदिया रोड स्थित निवास स्थान पर शनिवार को चाय पर चर्चा बैठक आमंत्रित की गई थी। जिसमें पूर्व विधायक सरस्वार, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, प्रकाश चतुरमोहता, वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश नगपुरे, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भीम फूलसुंघे, किशोर सिंह गहरवार, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुशील पॉलीवाल, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष कारू लिल्हारे, ब्लाक अध्यक्ष श्याम पंजवानी, पार्षद पन्ना शर्मा, पार्षद छबिराम नागेश्वर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जुगल शर्मा, झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मकसूद खान, पूर्व पार्षद अनिल सोनी, पूर्व पार्षद संतोष बाहेश्वर, राजेश ठाकुर, पूर्व पार्षद संतोष जैन, पूर्व पार्षद साबिर मंसूरी, मीनू गनी, पप्पू जैसवाल, राकेश शुक्ला, साजिद पिल्ले, नारायण मदनकर, पूर्व पार्षद निर्मल सोनी इत्यादि गणमान्य नागरिकों ने इस बैठक में भाग लेकर राजनीतिक और सामाजिक विषय पर चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी की स्थिति पर भी विचार मंथन किया और अपने अपने अनुभव को सामने रखा।



सभी का कहना था कि बालाघाट जिला कांग्रेस पक्ष का जिला है यही कारण है कि यहां पर 6 में से 4 विधायक है। हमें संगठन पर कार्य करने की जरूरत है ताकि मजबूत संगठन के सहारे भाजपा के हर चुनौती का जवाब दिया जा सके। पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार ने कहा कि संवाद की स्थिति हमेशा बनी रहना चाहिये। ताकि किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान का मार्ग चर्चाओं के माध्यम से निकाला जा सके। विशेषकर राजनीति में सक्रिय लोगों को जनता के साथ अपने संवाद को बनाये रखने के लिये हर स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। जिसकी कमी महसूस की जाती है। इस प्रकार की चर्चा बैठक आगे भी उनके तत्वाधान में आयोजित की जायेगी ताकि जो चुनौतियां है उससे निपटने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया में इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



तथागत भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली महाबोधि परिसर बोधगया में पवित्र महाबोधि वृक्ष की छांव में (जिसके नीचे भगवान को ज्ञान प्राप्त हुआ था) 20वाँ इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग समारोह 2 से 12 दिसम्बर 2025 तक आयोजित है। वर्ष 2006 से इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग समारोह का आयोजन विश्व के अन्य देश करते आ रहे हैं।कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर इस वर्ष और अगले वर्ष पहली बार भारत को प्राप्त हुआ है। लाइट ऑफ बुद्ध धम्मा फाउंडेशन की डायरेक्टर सिस्टर वांगमो डिक्सी (अमेरिका) द्वारा इसकी शुरुआत वर्ष 2006 में की गई थी जिसके लिए इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग कौंसिल का गठन किया गया था। भारत की तेरह अग्रणी संस्थानों को चैंटिंग की जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें प्रमुख रूप से महाबोधि सोसाइटी, बेंगलुरु; समन्वय सेवा संस्थान, बोधिपक्खिय धम्म फाउंडेशन, आलोका ट्रस्ट, आवाज इंडिया टीवी, संजीवनी सखी संघ, पंचशील सेवा संस्थान, आईबीसी आदि है। इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग में विभिन्न संस्कृतियों का समागम होता है। विश्व शांति, मैत्री, बंधुत्व और बौद्धमय भारत के स्वप्न को साकार करने निमित्त आयोजित होने वाली त्रिपिटक चैंटिंग में प्रत्येक वर्ष विश्व के 25 से अधिक देशों के लगभग 5 हजार बौद्ध भिक्षु, भिक्षुणी व कई हजारों श्रद्धावान उपासक-उपासिकाओं के शामिल होते हैं और इस वर्ष भारत मुख्य आयोजक देश होने के कारण यह संख्या दुगुनी से भी अधिक होगी ऐसी संभावना है! सभी अपने अपने देश संस्कृति का परिचय देते हुए पवित्र बोधिवृक्ष के तले निरंतर दस दिन तक तथागत भगवान बुद्ध के उपदेशों का त्रिपिटक में से संगायन करेंगे। त्रिपिटक भगवान बुद्ध के उपदेशों का संग्रह है जिसे तीन भागों में सुत्तपिटक, विनयपिटक व अभिधम्मपिटक में विभाजित किया गया है। इस वर्ष विनय पिटक का सांगायन होगा! देश विदेश के बौद्ध भिक्षु भिक्षुणी के उच्चारण से निकलने वाली ध्वनि एवं तरंगों से परिसर का माहौल बहुत ही मंगलमय होता है। दिन भर भगवान बुद्ध जी के वचनों का पठन के पश्चात प्रत्येक शाम को देश विदेश के विद्वान बौद्ध भिक्षु द्वारा बोधिवृक्ष के नीचे धम्मदेसना (धम्मोपदेश) दिया जायेगा। कार्यक्रम में शामिल होने एवं धम्म सेवा देने बालाघाट जिले से बौद्ध उपासक-उपसिकाऐं बोधगया बिहार रवाना होंगे। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध भिक्षुणी साक्य धम्मदीन्ना जी ने विगत 12 जनवरी 2025 को बालाघाट प्रवास के दौरान त्रिपिटक चैंटिंग कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी बालाघाट जिले के उपासकों को प्रदान की थी। और जिले वासियों से तन मन धन से कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की थी। त्रिपिटक चैंटिंग मैं भाग लेने के लिए जल्दी ही प्रक्रिया शुरू होगी!

## पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के हस्ते हुआ उद्घाटन

# बेहरई में रात्री कालीन टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहररई में 35 हजार ईनामी रात्री कालीन ग्रामीण स्तरीय टूर्नामेंट पानी टंकी मैदान में जय बजरंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में 1मार्च को रात्री में हुआ। इस अवसर पर शुभारंभ समारोह में पहुंचे पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन एवं डुलेन्द्र ठाकरे जिला पंचायत सदस्य के द्वारा फीता काटकर क्रिकेट में पहुंचे उनका बैंड बाजा एवं फटाके फोड़ते हुए स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित जन मंचाशील हुए। तथा समितियों के द्वारा सभी का स्वागत किया गया। इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा मैदान पर लेंडेझरी एवं छतेरा के कैप्टन को बुलाकर टास कराया गया। और मैच प्रारंभ किया गया। जिसमें छतेरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 88 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे लेंडेझरी ने इस लक्ष्य को हासिल कर। मैच जीत लिया। और अगले राउंड में प्रवेश किया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि बेहररई में रात्री कालीन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम ईनाम 35001 रू, एवं द्वितीय ईनाम 17501रू और प्रवेश शुल्क 1200रू रखा है। वहीं समिति के सदस्यों ने आस-पास एवं क्षेत्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों से इस टूर्नामेंट में शामिल होने अपील की है।

इस अवसर पर गौरीशंकर बिसेन पूर्व मंत्री, डुलेन्द्र ठाकरे जिला पंचायत सदस्य, बबलू ठाकरे समाजसेवी, दिलीप टेम्भरे पूर्व सरपंच बेहररई, रामप्रसाद बघेले स्थाई पटेल साहब, नेतलाल ठाकरे पूर्व मंडी उपाध्यक्ष लालबर्रा, गणपति पटले, गुरूदयाल बिसेन, शैलेन्द्र भगत भूतपूर्व सैनिक सहित अन्य ग्रामीण गण एवं क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

# हैप्पीनेस प्रोग्राम 07 से 12 मार्च तक

**बालाघाट।** शारीरिक थकान और मन का विचलित होना जिससे मनुष्य अवसाद में आ जाता है। मन को नियंत्रित करने तथा शरीर को रोग मुक्त बनाने का रामबाण साधन योग-ध्यान-प्रणायाम व सुदर्शन क्रिया में है आनंद अनुभूति शिविर दैनिक जीवन मे उपयोगी सरल ज्ञान है जिसके माध्यम से जीवन में खुशी और सफलता का मंत्र प्राप्त होता है। आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट केन्द्र द्वारा 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम आनंद अनुभूति कार्यक्रम 07 से 12 मार्च 2025 प्रतिदिन प्रातः 6:00 से 9:00 बजे तक श्रीश्री सत्संग हाल प्रथम तल बोरिकर पैलेस बूढ़ी में आयोजित है। बालाघाट शहर में आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम में सिखाई जाने वाली क्रियाओं से तनाव और नकारात्मक विचारों से मुक्ति के साथ ही एकाग्रता और खुशियों से जीवन को उपयोगी सरल ज्ञान के सूत्र हासिल होते है।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन गुरुवार को किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की थीम ''मेरा युवा भारत डिजिटल साक्षरता के लिए युवा स्वास्थ्य-जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य'' पर आयोजित कार्यक्रम में सायबर सुरक्षा एवं मल्टीमिडया, बाल संरक्षण एवं पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण एवं किशोरी स्वास्थ्य, कृषि पशुपालन एवं स्वच्छता तथा जन स्वास्थ्य एवं खेलों का महत्व पर विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आमंत्रित कर बौधिक सत्र में स्वयं सेवकों का ज्ञानार्जन किया गया।

# मॉयल ने फरवरी माह में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मिनी रत्न सरकारी उपक्रम ए शेडयूल कंपनी मॉयल लिमिटेड के खाते में एक और उपलब्धि दर्ज की गई। मॉयल ने फरवरी माह में अब तक सर्वश्रेष्ट उत्पादन किया। अप्रैल-फरवरी की बिक्री में भी पिछले साल की सामान अवधि की तुलना में 3 प्रतिशत की वृद्धि किया है। मॉयल ने अपनी वृद्धि दर को बनाये रखते हुए फरवरी,2025 में अब तक का सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन किया। 153 लाख टन मैंगनीज अयस्क का अब तक का सर्वश्रेष्ट फरवरी माह का उत्पादन है। 11455 मीटर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ फरवरी माह में अन्वेषण कोर ड्रिलिंग पिछले साल की सामान अवधि की तुलना में 43 प्रतिशत की प्रभावशील वृद्धि है। अप्रैल-फरवरी 2025 की अवधि के दौरान भी मॉयल ने निम्नलिखित उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। 14.32 लाख टन की बिक्री पिछले साल की सामान अवधि की तुलना में 3 प्रतिशत अधिक है। 94894 मीटर की अन्वेषण कोर ड्रिलिंग जो पिछले साल की सामान अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। अजीत कुमार सक्सेना अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये टीम मॉयल की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कंपनी अपने वाले वर्षो पर विकास की राहों पर अग्रसर होगी।



## आमीन माता महिला मंडल बैहर ने किया यात्रा का शुभारंभ

# कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर का आज से कबीर ध्वज यात्रा प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट जिले में कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज अपने उत्कर्ष कार्य के लिए जाने जाते है। इनकी जनसंख्या बालाघाट जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत लगभग 35 हजार आंकी गई है। जिनके आराध्य और धर्मगुरु सतपुरुष कबीर साहेब जी है, जिनके शिष्यों की वंशावली धर्मनगर दामाखेड़ा में स्थित है। समाज अपने उत्कर्ष कार्य के चलते विभिन्न तरीकों से समाज को एक सूत्र में बांधकर सतपुरुष का ज्ञान प्राप्त करने के लिए समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। इसी तरह सदगुरु कबीर साहेब की असीम कृपा से, साहेब की अनुशंसा पर और कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने के निर्देशन पर बालाघाट जिले में आमीन माता महिला मंडल बैहर के द्वारा हर घर एक ही नाम, सत्यनाम सत्यनाम सत्यनाम के बैनर तले कबीर ध्वज यात्रा प्रारम्भ की गई है, जिसकी शुरुआत आज कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता आर राजा सोनवाने के घर से प्रारम्भ की गई है। कबीर ध्वज यात्रा का मुख्य उद्देश्य सदगुरु कबीर साहेब जी के वचनों को,




घर घर पहुंचाकर, उनका अनुसरण करने, भेदभाव को मिटाने और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने व सद्भवना के आशय से ध्वज यात्रा प्रारम्भ की गई है। चर्चा के दौरान समाज के प्रवक्ता मनीष सोनवाने ने बताया की सदगुरु कबीर साहेब हमारे आराध्य गुरु हैं, जिनकी महिमा अपरंपार है, साहेब जी ने अपनी वाणी में संपूर्ण संसार लिख दिए है, उनका हर एक वचन हमे मानवता के प्रति जागरूक करता है, समाज में फैली बुराइयों को दूर करने और भेदभाव मिटाने का साहस देता है, एक अच्छे कार्य के प्रति सजग होकर हमारे समाज के अध्यक्ष श्री सोनवाने हर संभव समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहे है। इसी तरह कबीर ध्वज यात्रा में मुख्य रूप से कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता आर राजा सोनवाने, आमीन माता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा मांगरे, महंत अन्तुदास मुरचुले, महंत अतीत दास संत, बखरू दास धार्वे,उपाध्यक्ष राजू दास परवार, करण दास परवार,संरक्षक सुनील धार्वे, अतीत दास, लल्ला शिव परवार,मनीष सोनवाने, इंदर दास सोनवाने,दिनेश सार्वेश, विपतदास, उमेश मुरचुले, राजेंद्र मुरचुले, धर्मेंद्र मांगरे, सोहन मांगरे, अजय सर्वेश, नानू मुरचुले, गरीबदास, अमृत दास , श्रीमती गीता सोनवाने, लक्ष्मी पनरिया, गीता परवार, सरस्वती परवार, उर्मिला धार्वे, मीना परवार, सुनीता पनरिया,सुनीता परवार, रमिया भासंत, अमृता परवार,फूलकली धार्वे, सरस्वती मांगरे , नीलू धारवैया, मानती, मुरचूले, सकून परवार, मधु बघेल, लक्ष्मी सुरेश्वर, मीरा पनरिया सहित भारी संख्या में कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज उपस्थित रहे।